# NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र





- ✓ श्री राघवेन्द्र **(CMD-NJGB)** द्वारा एनआईसीटी के कार्यो की सराहना।
- ✓ राज्यों में कियोस्क केन्द्रों के उद्घाटन का शिलशिला जारी।
- ✓ सफल सीएसपी संचालकों की भूमिका।

संपादक- संजय सोनी

नेटवर्क फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड कम्प्यूटर टेक्नालॉजी

(एनआईसीटी)

# कार्य में गुणवत्ता के लिए सही प्रबंधन का होना जरूरी!!!

हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि किसी कार्य को करने के लिए एक सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, फिर चाहे यह मार्गदर्शन स्वयं की संकल्पशक्ति से मिले या मार्गदर्शक के रूप में। यहाँ मार्गदर्शन का अभिप्राय उस प्रबंधन से है, जो किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए दिशा निर्देशन के रूप में अपनाया जाता है। कहा जाता है, कि लक्ष्य को पूर्णता व सही दिशा में ले जाना हो तो 'प्रबंधन' की कला का आना जरूरी है, ताकि समय रहते टीम के सदस्य अपनी ऊर्जा का सही उपयोग कर सकें व जिसमें किसी प्रकार की कोई गलती की गुन्जाइस को समय रहते सुधारा जा सके।

अब बात यह आती है, कि क्या एक मैनेजर अपने व्यक्तित्व में इन सब बातों का समावेश करता होगा जो उसे एक सफल लीडर बना सके। क्योंकि लीडरशिप की काबिलियत का होना या लीडर होना इस बात पर निर्भर करता है, कि वह व्यक्ति प्रबंधन में कहा तक अपने आप को सुनियोजित करता है। जिसमें आत्मविश्वास, अखण्डता, स्पष्ट लक्ष्य, टीम भावना व प्रेरणा देने की शक्ति निहित हो। अगर इन सब बातों पर एक मैनेजर पूरी तबज्जू देता है। तो उसे अपनी टीम पर विश्वास करना चाहिए, कि टीम समय रहते लक्ष्य को पूरा करने के लिए तैयार है। क्योकि एक मैनेजर अपनी प्रबंधन की क्षमता से अपनी टीम को सुनियोजित तो करता ही है। साथ ही अपने विशेष गुणों से एक ऐसा वातावरण भी निर्मित करता है, जो हर समय टीम को उत्साह के साथ आगे बढ़ने की सीख दे। प्रबंधन हर उस व्यक्ति के गुणों में शामिल होना चाहिए, जो अपने लक्ष्य के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य करने में विश्वास रखता हो। तभी जाकर एक नियमित संरचना के आधार पर हर कदम को बारीकि से रखा जा सकता है।




कार्य में गतिशीलता और गुणवत्ता भी इसी बात पर निर्भर करता है, कि प्रबंधन कहा तक सुनियोजित और दूरदर्शिता कि साथ किया गया है व उसमे टीम के लिए किन मापदण्डों का आधार रखा गया है। एक सही मैनेजर अपने प्रबंधन में टीम की पूरी राय और लक्ष्य के प्रति हर एक पहलू पर विचार विमर्श करता है, तब जाकर किसी परिणाम की ओर कदम उठाता है। क्योंकि वो टीम ही तो है, जो लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य करती है, जो प्रबंधक के लिए एकजुट होकर टीम के रूप में कार्यरत होती है।

जब ऐसा हो कि प्रबंधन सही दिशा में हो, तो उस अवस्था में टीम को आदर्श टीम की दृष्ट्रि से ही देखा जाना चाहिए और प्रबंधनकर्ता को एक अच्छे लीडर की नज़र से!!

इसलिए कहा जाता है, कि कार्यो में गुणवत्ता के लिए एक सही प्रबंधक का होना जरूरी है, जो समय-समय पर अपने प्रबंधन के गुणों के जरिए अपने लक्ष्य को पूरा कर सकने में सफल हो सके। एक संगठन को सही प्रबंधन के जरिए ही मजबूती के साथ सम्भाला जा सकता है। 'प्रबंधन को सही विकल्प के तौर पर लक्ष्य प्राप्ति के लिए आधार बनाया जाता है, जो कार्य में गुणवत्ता ला सके'

---- संजय सोनी - एनआईसीटी

## मध्यप्रदेश

# २० बैंक सखियों के कार्यो का उद्घाटन व NICT के कार्यो की सराहना।

### श्री राघवेन्द्र (CMD-NJGB) द्वारा एनआईसीटी के कार्यो की सराहना।
### एनआईसीटी प्रतिनिधि के तौर पर श्री आलोक खरे का सम्मान।
### ‘सखी समावेशन प्रोजेक्ट’ के तहत २० बैंक सखियों के कार्यो का उद्घाटन।



एनआईसीटी- २६ मार्च २०१६ को अलीराजपुर में NRLM, NICT व NJGB के सहयोग से सखी समावेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयनित की गयी २० बैंक सखियों के कार्य का उद्घाटन किया गया। साथ ही उपस्थित बैंक सखियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें बैंक के माध्यम से सरकारी योजनाओं के समस्त लाभों के बारे में बताया गया। ‘नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक’ द्वारा बैग, फ्लेक्स व आवश्यक उपकरण हेतु ५० हजार रूपये के ऋण भी स्वीकृत हुए।

इस अवसर पर श्री राघवेन्द्र जी (सीएमडी- एनजेजीबी) श्री बिडवाल जी (राज्य परियोजना अधिकारी- एनआरएलएम) श्री राकेश बंशल (मुख्य परियोजना अधिकारी- एनआरएलएम) श्री चौहान जी (विधायक) श्रीमति चौहान (जिला पंचायत अधिकारी) श्री मिश्रा जी (रीजनल मैनेजर) व एनआईसीटी से श्री आलोक खरे (मैनेजर बैंकिंग सर्विसेस) आदि उपस्थित रहे।

# बिहार

## सतबरवा, झारखण्ड़ में 'एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर' का शुभारम्भ।










हलचल

सतबरवा में सोमवार को ग्राहक सुविधा केंद्र का उद्घाटन करते मुखिया।

**सतबरवा : ग्राहक सुविधा केंद्र खुला**

**सतबरवा।** सोमवार को एसबीआई संचालित ग्राहक सुविधा केंद्र का उद्घाटन सतबरवा मुखिया संजय कुमार मिश्रा ने किया। इसके बाद बैंक अधिकारी टीएस केरकेट्टा एनआइसीटी झारखंड-बिहार प्रमुख सुधा रंजन कुमार, पलामू क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार और विधायक प्रतिनिधि दयानंद चौधरी ने दीप जलाकर कार्य भी शुरू किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।



**ग्राहक सेवा केंद्र व एनआईसीटी सेंटर का उदघाटन**

सन्मार्ग

**सतबरवा/पलामू :** मेलाटांड़ सतबरवा में सोमवार को ग्राहक सेवा केंद्र व एनआईसीटी सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर एनआईसीटी के एरिया मैनेजर सुधारंजन कुमार, एसबीआई के अकउंटेड टीएस केरकेट्टा, मुखिया संजय मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर एनआईसीटी के सुधारंजन ने कहा की स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र खाता धारको को समय का बचत होगा तथा भीड़भाड़ से भी छुटकारा मिलेगा। वाही एनआईसीटी प्रोजेक्ट में मुख्य रूप से स्किल डेवलपमेंट, सरकारी परीक्षा, वोडाफोन व पैसा रेलवे आरक्षण व बैंकिंग आदि सेवा शामिल है, जो लोगो को हर तरह से सुविधा और सुरक्षा प्रदान की जायेगी। मौके पर राकेश गुप्ता, संचालक राजेन्द्र प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।



**ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से मिलेगा सुविधा : संजय**

सतबरवा। सतबरवा बलराम प्रसाद के आवास में भारतीय स्टेट बैंक के सेवा केंद्र एनआइटीपी का उदघाटन सतबरवा पंचायत के मुखिया संजय मिश्र ने किया। कहा कि एसबीआइ का ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से लोगों को सुविधा मिलेगा। बैंक खाता खुलवाने व राशि का लेन-देन करने में सहुलियत होगी। साथ ही भीड से निजात मिलेगा। स्थानीय बैंक में खाता खुलवाने के लिए लोगों को कई दिन बैंक का चक्कर लगाना पड़ता है। अब आसानी से खाता खुलवाया जा सकता है। मौके पर केंद्र के संचालक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्य रूप से स्किल डेवलपमेंट, सरकारी परीक्षा, वोडाफोन ऐम पैसा, रेलवे आरक्षण व बैंकिंग आदि की सेवा दी जायेगी।

एनआईसीटी– २३ मार्च २०१६ को बिहार/झारखण्ड़ टीम द्वारा प्रथम 'एनईसी' का उद्घाटन किया गया। टीम द्वारा मलाटांड़, सतबरवा में 'एनईसी' संचालक श्री राजेन्द्र प्रसाद को हर सम्भव सहायता देने को कहा। उद्घाटन 'एसबीआई' से अकान्उटेंट श्री टीएम केरकेट्टा, प्रबंधक श्री संजय मिश्रा एवं एनआईसीटी से एरिया मैनेजर श्री सुधारंजन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

श्री रंजीत कुमार (एसपीएम-बिहार/झारखण्ड़) ने कहा कि राज्य में एनआईसीटी के कार्यो में मिल रही सफलता टीम की कड़ी मेहनत और लगन का ही परिणाम है।

श्री रंजीत कुमार ने बिहार/झारखण्ड़ में १०० से ज्यादा 'एन.ई.सी.' की शुरूआत होने की बात कही जिनका उद्घाटन बहुत जल्द किया जाएगा। 'एनईसी' के इस माध्यम से स्किल डेवलपमेंट, सरकारी परीक्षा, वोडाफोन, एम पैसा, रेल्वे आरक्षण व बैंकिंग जैसी सेवाएँ दी जायेगा।

## उत्तरप्रदेश

### एनआईसीटी टीम द्वारा कियोस्क केन्द्रों का निरीक्षण।








एनआईसीटी– १२ व १३ मार्च २०१६ को प्रतापनगर, इलाहावाद में ‘बैंक ऑफ बड़ौदा’ व ‘एसबीआई’ कियोस्क केन्द्रों में एनआईसीटी टीम का निरीक्षण।

निरीक्षण के दौरान कियोस्क संचालकों को आ रही तकनीकि समस्याओं के निराकरण किए गए साथ ही अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। एनआईसीटी एरिया मैनेजर रजनीश कुमार श्रीवास्तव व चैनल पार्टनर राजेश कुमार मुख्य रूप से निरीक्षण टीम में उपस्थित रहे।
जिन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया वे हैं –

१– लीलापुर, ग्राहक सेवा केन्द्र (संचालक– संजीव कुमार मिश्रा)
२– सकरौली (संचालक – संजय कुमार)
३– भुवालपुर (संचालक – सतीश कुमार)
४– बदनपुर (संचालक – रणजीत कुमार सिंह)

## उत्तरप्रदेश

एनआईसीटी टीम ने ऊरई, जालोम में ‘राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन’ के तहत प्रशिक्षण के दोरान परीक्षा ली।



युवाओं को दिया गया कम्प्यूटर प्रशिक्षण

## राजस्थान

**‘बैंक ऑफ बड़ौदा’ कियोस्क का उद्घाटन।**




एनआईसीटी– १४ मार्च २०१६ को सीकर रोड़ रजावास, जयपुर में ‘बैंक ऑफ बड़ौदा’ कियोस्क की शुरूआत की गई। उद्घाटन शाखा प्रबंधक श्री हरीराम चौधरी व एनआईसीटी सीपी श्री मदन कुमावत द्वारा किया गया।

कियोस्क संचालक श्री शिवराज शर्मा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय किसान बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## कर्नाटक

होसपेट, कर्नाटक में सीएसपी बैठक का आयोजन।



एनआईसीटी– दिनांक १६ मार्च २०१६ होसपेट जिला बेल्लारी में ‘एसबीआई’ सीएसपीओं हेतु एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें ३५ सीएसपीओं ने अपनी उपस्थिति देकर हर सम्भव तकनीकि सहायता प्राप्त की एवं भविष्य के लिए रणनीति बनाई।

# गुजरात

**हेमन्त नगर, गुजरात में 'एसबीआई' सीएसपी बैंक कॉरपोरेट द्वारा कार्यशाला।**





एनआईसीटी- २८ मार्च २०१६ को हेमन्तनगर, गुजरात में 'एसबीआई' द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिमसें श्री कृणाल साह (टेरिटरी मैनेजर- एनआईसीटी) उपस्थित रहे।

# असम/पश्चिम बंगाल

बोंगईगांव, असम में 'एसबीआई' कियोस्क का उद्घाटन।









एनआईसीटी- २८ मार्च २०१६ को बोंगईगांव, असम में 'एसबीआई' के 'ग्राहक सेवा केन्द्र' (एनआईसीटी सीएसपी कोड- १ए७६ए४८४) का शुभारम्भ किया गया। इसका उद्घाटन शाखा प्रबंधक व वित्तीय समावेशन प्रबंधक द्वारा किया गया।

क्षेत्रीय लोग बड़ी मात्रा में उपस्थित रहे।

# आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

सभी को ''संपर्क'' के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई-मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा लोगों तक पहुँच सकते है, एनआईसीटी के प्रयासों को अपने सुझावों के द्वारा प्रभावी बनाने में समर्थ है।

किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ''सिने इंडिया'' प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।

विश्वास है, कि हम उन जो 'संपर्क' के माध्यम से भलिभांति समझ पा रहे है व हमारे प्रयासों को और

न्यूज़लेटर ''संपर्क'' के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई-मेल कर सकते है।
communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट -
आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB-108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in